संस्थान में 74वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम मनाया गया

केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में स्वतंत्रता दिवस पर संस्थान के निदेशक डा. ओ.पी. यादव ने झण्डारोहण किया उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी । डा. यादव ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करें अपनी जिम्मेदारी एवं भागीदारी निभायें राष्ट्र से प्रेम करें राष्ट्र की उन्नती में योगदान दें ।

डा. यादव ने कहा कि विश्व में कोरोना संकट से कई व्यवसाय प्रभावित हुए लेकिन कृषि से संबंधित कार्यो में बढोतरी हुई । किसान और कृषि कार्य लगातार चल रहे है । युवाओ ने गाँव की ओर रूख किया और कृषि कार्यो में जुटे है, कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढे है इससे किसानों को आय एवं आमजन को खाधान्न फल सब्जियां आदि उपलब्ध हो रहा है। उन्होंनें कहा विज्ञान तकनीकी इन्फ्रॅास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट एवं वैज्ञानिकों के प्रयासों से देश में चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, रक्षा आदि क्षेत्रों में भरपूर प्रगति हुई है । उन्होंनें वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि कृषि तकनीकियों से देश में खाद्यान्न उत्पादन बढा है । भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दें उन्हें लाभान्वित करें । कोरोना के कारण कई चुनौतियां हमारे समक्ष है जिनसें निपटने के लिए जागरूकता एवं सक्रियता से कार्य करने की आवश्यकता है। कोरोना योद्धाओं का सम्मान करें एवं उनका सहयोग करें।